हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 36 .8 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

12 पोस्टर, पॉलीथिन फ्री होगा अंबाला, मोदी के जन्मदिन पर किया ऐलान



12 दशहरा मेले पर 50 हजार की पर्ची सनात धर्म की परंपरा



## खबर संक्षेप

### कारोबारी से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने नूरवाला की इंद्रा विहार कॉलोनी स्थित वेस्ट कपड़े के गोदाम में घुसकर कारोबारी पर गंडासी से हमला कर चोट मारने मामले में दो आरोपियों जावा कॉलोनी निवासी कादिर व भैसवाल गांव निवासी इरशाद को पकडा है। वहीं, थानेदार मुकेश ने बताया कि थाना तहसील कैंप में नूरवाला की इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी मोहन की शिकायत पर यह केस दर्ज है। वहीं पुलिस इस केस में फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करेगी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** गांव इसराना स्थित निजी अस्पताल के पास झगड़े में कृष्ण पर चाकू से जान लेवा हमला करने के आरोपी नरेंद्र को थाना इसराना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, थाना इसराना प्रभारी महिपाल ने बताया कि इस केस में घायल के पुत्र सूरज की शिकायत पर केस दर्ज है। इधर, इसराना पुलिस इस केस में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने के आरोपी प्रमीत उर्फ बच्ची पुत्र कर्मबीर निवासी गांव खलीला प्रहलादपुर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में डाडौला गांव निवासी अमित की शिकायत पर केस दर्ज है।

## देश को सशक्त बनाने में मोदी की मुख्य भूमिका

### राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत भवन के सभागार में स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ मेयर शैलजा सचदेवा मौजूद रही।

इससे पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश से वीसी के माध्यम से उपस्थित सभी ने संदेश देखा और सुना। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और वहां पर चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य संबधी जो कार्य किए जा रहे थे उस बारे भी जाना तथा रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नींव को मजबूत एवं सशक्त करने का काम किया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में उन्नति के पथ की ओर अग्रसर है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है। जिससे कि वे आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ रही हैं। शर्मा ने इस अवसर पर यह भी कहा कि जब भी आगे इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित के लिए जो कार्य किए गए हैं से स्वर्ण अक्षरों में लिख जाएगा। वह देश को मजबूत करने के लिए निरंतरता में कार्य कर रहे हैं। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है उस संकल्प को हम सबको मिलकर पूरा करना है। सेवा पखवाड़ा के तहत अगले 15 दिन तक कई कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर व अन्य शामिल हैं।

- पंचायत भवन में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आयोजित



अंबाला। चिकित्सा शिविर के दौरान एक स्टाफ कर्मचारी को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल व पीएमओ रेणु बेरी ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, डॉ. हितार्थ, डॉ. नीलम कुशवाहा, डॉ. पल्लवी, डॉ. गीतांजली, डॉ. सुखप्रीत, डॉ. सीमा, डॉ. सुनील हरि, एडवोकेट संदीप सचदेवा, विशाल राणा, राज कुमार गुप्ता, संजय लाकड़ा भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचकूला से नमो शक्ति रथ (9 रथों को) झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ अंबाला जिले में भी पहुंचेंगे जिसके बाद गांव व शहरों में जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना संजोया है उस सपने को हमें मिलकर पूरा करना है। अपने शहर व प्रदेश को और स्वच्छ एंव सुंदर बनाना है।

## देश के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका : राणा



यमुनानगर। श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

- जिला श्रम विभाग द्वारा शहर में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन
- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला श्रम विभाग के तत्वावधान में बुधवार को शहर में श्रमिक सम्मान एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का अर्थ एक ऐसा आयोजन है। जिसमें श्रमिकों को सम्मानित किया जाता है और उन्हें उनके अधिकारों, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के बारे में जानकारी दी जाती है। देश के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका है। श्रमिकों ने अपने खून पसीने से देश को सींचा है। उनका योगदान सदा सराहनीय है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मौके पर श्रमिकों को सम्मानित किया गया। मौके पर श्रमिकों को लड्डू वितरण किए गए।

उधर, साढ़ौरा अनाज मण्डी में भी श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रम विभाग हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं बारे श्रमिकों को जागरूक किया गया और श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। जिसमें पूर्व विधायक बलवंत सिंह व सहायक श्रम कल्याण अधिकारी उषा अरोड़ा ने श्रमिकों को सम्मानित किया और उन्हें स्वास्थ्य के लिए जागरुक किया गया।

## एमटीपी किट बेचते पकड़े गए झोलाछाप को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- ऑटो चालक से 500 रुपये में किट लेकर फर्जी ग्राहक को 1300 में बेची

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एमटीपी किट देते हुए पकड़े गए झोलाछाप डॉक्टर मंजीत सिंह पर अंबाला सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उसे अदालत ने जेल भेज दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूला है कि उसने एक ऑटो चालक से 500 रुपये में यह किट ली थी। फर्जी ग्राहक को डॉक्टर ने 2,000 रुपये में किट देने की बात कही थी। बाद में 1300 रुपये लेकर किट थमा दी थी। तभी टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। काबू कर लिया था। डॉक्टर की ओर गुल्लक में रखे गए पैसों को निकलवाने के बाद टीम ने अपने पास नोट किए गए नंबर वाले नोटों को निकाला। 100-100 के नोट मिलने के बाद टीम ने डॉक्टर को काबू किया था।

### रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने जबरन वसूली का दबाव बनाने व धमकी देने मामले में आरोपी नरेंद्र निवासी गांव उझा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार संदीप ने बताया कि रंगदारी मांगने के केस में धर्मबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

## ससुर की हत्या करने के मामले में पुत्रवधु व उसका प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने गत दिनों रादौर क्षेत्र में 65 साल के वृद्ध की हत्या के मामले में मृतक की पुत्र वधु व उसके प्रेमी को गिरफ्या गिरफतार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से हत्या में प्रयोग किए हथियार को बरामद किया जाएगा।

उप पुलिस अधीक्षक यमुनानगर रजत गुलिया ने बताया कि अपराध शाखा वन की टीम ने 12 सितंबर को थाना रादौर क्षेत्र में 65 साल के वृद्ध व्यक्ति ओम प्रकाश की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक शुभम, एएसआई विरेन्द्र कुमार, एएसआई संतोष कुमार, एएसआई आजाद, मुकेश कुमार, अमरजीत सिंह, महिला सिपाही बलकेश कुमारी की टीम गठित की गई थी। जिस टीम ने मृतक ओम प्रकाश की पुत्रवधु ललिता वासी गांव जुब्बल को काबू किया वा उससे इस हत्या का घटना बारे गहनता से पूछताछ की।जिसने पूछताछ पर अपना अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी ललिता से पूछताछ पर इस हत्या में शामिल दूसरे अपराधी करतार सिंह वासी दीपक कालोनी रादौर को भी काबू कर लिया है। दोनों आरोपियों से पता चला है कि करीब तीन साल से ललिता और करतार में नाजायज संबंध थे। जिस बारे ललिता के ससुर ओम प्रकाश को पता चल गया था। इस कारण दोनों आरोपियों ने मिलकर योजना बनाकर ओमप्रकाश की हत्या को अंजाम दिया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमाण्ड पर लिया है। गत 12 सितंबर को पुलिस ने घेसपुर चुंगी के नजदीक खाली पड़े प्लाट से ओमप्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में बरामद किया था।



यमुनानगर। ससुर की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार की गई आरोपी पुत्रवधु को अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

- हत्याआरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया

### एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से निकाल लिए 1.98 लाख रुपये

**यमुनानगर।** बर्तन व्यापारी का एटीएम कार्ड बदल कर ठगों ने उसके बैंक खाते से एक लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें पता चला तो वह हैरान रह गए। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर थाना जगाधरी सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- बर्तन व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

जगाधरी के बुड़िया गेट निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि वह अपने एसबीआई बैंक खाते के एटीएम से रुपये निकालने के लिए एटीएम पर गया था। इस दौरान बार बार प्रयास करने के बावजूद जब रुपये नहीं निकले तो वहीं मौजूद तीन युवकों ने मदद के बहाने उनसे कार्ड लेकर प्रयास किया और पासवर्ड पूछा। बाद में बड़ी होशियारी से एटीएम कार्ड बदल कर उन्हें लौटा दिया और चले गए। इसके बाद इंदिरा कॉलोनी के निकट एटीएम से उनके बैंक खाते से एक लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। मैसेज आने के बाद उनके होश उड़ गए। तुरंत ही थाने पहुंच कर शिकायत दी।

### गांव, खंड और जिला स्तर पर टीम का गठन

## पराली जलाने पर होगी 2 साल की रेड एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

धान कटाई का सीजन शुरू होते ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सतर्क हो गया है। धान के अवशेष में लगने वाली आग को रोकने के लिए विभाग की ओर से गांव, खंड और जिला स्तर पर टीम का गठन किया गया है।

अगर कोई किसान धान अवशेष में आग लगाता है तो उस किसान को विभाग की ओर से मेरा फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दो वर्ष के लिए रेड एंट्री किया जाएगा। वह किसान दो वर्ष के लिए न अपनी फसल बेच पाएंगे और न ही सरकारी योजना का लाभ मिलेगा। धान अवशेष जलाने पर किसानों पर कानूनी कार्रवाई करने होगी और जुर्माना भी लगेगा।कृषि विभाग की ओर से हर गांव में एक-एक टीम का गठन किया गया है। जिले में गांव में 429 टीम का गठन किया गया। इस टीम में पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विभाग कर्मचारी शामिल होंगे।

- धान की कटाई का सीजन शुरू होते ही हरकत में आया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग



खंड स्तर पर बीडीपीओ, एसएचओ, कृषि विभाग, केवीके अधिकारी और जिला स्तर पर डीडीए, प्रदूषण विभाग से एक्सईएन, एसडीओ, डीडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, डीएमईयू अधिकारी शामिल होंगे। खंड व जिला स्तर पर एक-एक टीम का गठन किया गया है।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के विभिन्न स्कूलों में शिविर लगाकर विद्यार्थियों को अवशेष के बारे में आग लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

#### जागरूकता शिविर लगाए

मंगलवार को साहा खंड के गांव संभालखा, पिलखनी, गोकुलगढ़, साहा सहित अन्य स्कूलों में कृषि विभाग की ओर से जागरूकता शिविर लगाए गए। सहायक सांख्यिकी अधिकारी मनजीत कौर ने बताया कि फसल अवशेष में आग लगाने से न केवल मित्र कीट मरते है, बल्कि पर्यावरण एवं जमीन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लगातार आग लगाने से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। पर्यावरण खराब होने से मनुष्य व अन्य जीवों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



## खबर संक्षेप



यमुनानगर। यमुनानगर के अलाहर में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्यातिथि।

### सांई टीम ने जीती वालीबॉल प्रतियोगिता

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव अलाहर में ग्रामीणों द्वारा आयोजित की जा रही वालीबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर फाइन मैच खेला गया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में क्षेत्र के समाजसेवी एंव कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने भाग लिया।



यमुनानगर। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते सदस्य।

### प्रियकांत जोगी रामलीला क्लब रादौर के प्रधान बने

**रादौर।** श्री महावीर रामलीला क्लब रादौर के सदस्यों की श्री बालाजी मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्लब की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। क्लब के संरक्षक राम कुमार प्रजापत ने बताया कि श्री महावीर रामलीला क्लब की नई कार्यकारिणी में प्रियकांत जोगी को क्लब का प्रधान नियुक्त किया।

### पुजारी के बेटे से ठग लिए दो लाख 15 हजार रुपये

**यमुनानगर।** सनातन धर्म मंदिर के पुजारी के बेटे से साइबर ठगों ने दो लाख 15 हजार रुपये ठग लिए। युवक खुद ज्योतिष की पढाई में आचार्य का कोर्स कर रहा है। साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक पुजारी राम आशीष मिश्रा के बेटे अमन मिश्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 जनवरी को एक लिंक आया था। उस पर उसने क्लिक किया तो वह एक ग्रुप पर जुड़ गए। ग्रुप एडमिन ने बताया कि यहां पर सिर्फ टास्क पूरा करने पर अच्छी कमाई हो जाती है। टास्क को पूरा करने के लिए अकाउंट से दो लाख 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## नगर योजनाकार विभाग की बिलासपुर में कार्रवाई

# दो अनाधिकृत कालोनियों में अवैध निर्माण कार्य पर चलाया पीला पंजा

- जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट आदि की खरीद फरोक्त नहीं करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के बिलासपुर में अनाधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त करती हुई जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित क्षेत्र बिलासपुर में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कालोनियों में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोक्त नहीं करने की सलाह दी है। ताकि उनकी मेहतन से कमाए हुए धन की बचत हो सके।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नियंत्रित क्षेत्र बिलासपुर में दो अनाधिकृत कॉलोनियों में अवैध रुप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार योजना के मुताबिक वह स्टाफ सदस्यों और पुलिस बल के साथ ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए नायब तहसीलदार व्यासपुर के नेतृत्व में मौकास्थल पर पहुंचे। इस दौरान देखा तो वहां पर दो अनाधिकृत कालोनियां विकसित की जा रही थी। जिनमें बिना अनुमति के अवैध रुप से निर्माण कार्य किया गया था। इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से दोनों कालोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कालोनियों के चूककर्ताओं को कन्ट्रोल एरिया एक्ट नंबर 12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू मालिकों आदि द्वारा अनाधिकृत कालोनियों में निर्माण कार्य कर दिया गया। जिस पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

### अनाधिकृत कालोनियों में ना करें निवेश

जिला नगर योजनाकार ने राजेश कुमार ने जिलावासियों से अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट आदि खरीदने के लिए अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी का निवेश नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि इसके बावजूद कोई भी अनाधिकृत कालोनियों में निर्माण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिसकी जिम्मेवारी उनकी स्वयं की होगी।

# तीन दिन में अतिरिक्त समय लगाकर निपटाएं लंबित ऑब्जेक्शनः प्रसाद

- निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के अधिकारियों की बैठक का आयोजन निगम कार्यालय में किया गया। अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने अधिकारियों को प्रापर्टी आईडी दुरुस्तीकरण के तीन दिन में अतिरिक्त समय लगाकर लंबित ऑब्जेक्शन निपटाए जाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में सबसे पहले एनडीसी पोर्टल पर नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने, उप विभाजित प्रॉपर्टी आईडी के लिए ऑनलाइन आवेदन, लंबित प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन, प्रॉपर्टी आईडी में नाम, मोबाइल नंबर, संपत्ति एरिया, अप्रूव्ड, अनअप्रूव्ड आदि त्रुटियों को दुरुस्त करने, रिवर्ट व रिजेक्ट की गई आपत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने मेकर व चेकर को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करने, उस पर लगाए ऑब्जेक्शन को राइट टू सर्विस कमिशन से निर्धारित समय के तहत दुरुस्त करें। बिना कारण किसी भी ऑब्जेक्शन को रिवर्ट व रिजेक्ट न करें।

### बड़े प्रोजेक्ट का लिया अपडेट

*नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अभियंता शाखा के अधिकारियों से नगर निगम के बड़े प्रोजेक्ट 52.87 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन ओपन एयर थियेटर एवं ऑडिटोरियम, कैल कचरा निस्तारण प्लांट में शैड, हमीदा हेड के पास नौ एकड़ में छह करोड़ 13 लाख की लागत से पार्क बनाने, बाड़ी माजरा पुल से फतेहपुर पुल तक पश्चिमी यमुना नहर किनारे 12.87 करोड़ की लागत से रिवर फ्रंट बनाए जाने, नगर निगम कार्यालय के नए भवन समेत विभिन्न प्रोजेक्ट की अपडेट ली। उन्होंने सभी विकास कार्यों में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जनहित में किए जाने वाले कार्यों में कोई ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी व कर्मचारी लंबित ऑब्जेक्शनए लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटान करें। मौके पर विशेष अधिकारी सफाई अनिल कुमार यादव, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, कार्यकारी अभियंता दालचंद शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया व जितेंद्र मल्होत्रा आदि मौजूद थे।*

## हजारों रुपये की हेरोइन के साथ नशातस्कर गिरफ्तार



**यमुनानगर।** हजारों रुपये की हेरोइन लेकर कहीं तस्करी करने जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 20 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक थाना प्रताप नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोई नशीला पदार्थ लेकर प्रतापनगर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रतापनगर के थाना प्रबंधक नर सिंह ने उप निरीक्षक सुखविंदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर मार्ग पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर के बाद पुलिस की टीम को उत्तर प्रदेश की ओर से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने तुरंत व्यक्ति को रोक लिया और मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट वीरेंद्र को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान गांव प्रताप नगर निवासी नाजिम के रुप में हुई।

*मंधार समेत अन्य स्थानों पर मनाया मोदी का जन्मदिन*

# पौधारोपण कर व केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन





यमुनानगर। यमुनानगर के गांव गांव मंधार में पौधारोपण करते मास्टर सतपाल कांबोज व अन्य व यमुनानगर के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर केक काटते कृषि मंत्री व सरपंच। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के गांव मंधार समेत अन्य स्थानों पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन कहीं पौधारोपण कर तो कहीं पर केट काटकर मनाया गया। मौके पर आयोजकों ने लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी करवाया गया। गांव मंधार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन पर बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। मास्टर सतपाल कांबोज ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सैंकड़ो पौधे रोपित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अर्पण किए। इस अवसर मास्टर सतपाल कांबोज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व में सम्मान दिलाया है। उनके जन्मोत्सव पर पौधे लगाए गए है। पौधारोपण समय की मांग है। पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। पौधे ग्लोबल वार्मिंग को संतुलित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। रादौर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर केक काटा और उनकी लंबी आयु की कामना की।

*जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वॉकथान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना*

# नशे पर लगाम लगाने के लिए समाज का सहयोग जरुरी : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के ताऊ देवीलाल कांप्लेक्स में आयोजित वॉकथान में विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता व अन्य अधिकारी।

शहर ताऊ देवीलाल कांप्लेक्स में बुधवार को वॉकथान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल मौजूद रहे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वॉकथान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे पर लगाम लगाने के लिए जिले में विभिन्न टीमें गठित की गई हैं। लेकिन नशा पर लगाम लगाने के लिए समाज का सहयोग सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करों के बारे में जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 भी जारी किया गया है जिसमें नशा तस्करों के बारे में जानकारी देने वालों का नाम भी गुप्त रखा जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना आवश्यक है। नशे की चपेट में आने पर युवा शक्ति कमजोर होती है और देश का भविष्य खतरे में पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस समस्या को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें और नशे आदि की लत से दूर रहें तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि नशे की लत शैक्षणिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। नशा मुक्ति और शैक्षणिक सफलता के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता लाते हैं एवं शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने विद्यार्थियों को अवगत करवाया कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर क्लाउड नाइन एजुकेशनल वरिंदा माइका, गुरदेवी अस्पताल, फॉलकान ऑटोमोबाइल, मेड और अस्पताल, लाइफ केयर क्लिनिक, मंगला मोल्डिंग, जेट फिनाइल, लांबा लाईट्स व आदर्श विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल आदि को नशे के विरूद्ध अभियान में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अलावा शहर के लोगों ने नशे के विरूद्ध अभियान में वॉकथॉन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीईओ धर्मेन्द्र चौधरी, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।*

# समृद्ध भारत के निर्माण में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बेहद जरूरी : नेपाल राणा

- रादौर में देशी जागरण मंच द्वारा संकल्प यात्रा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। यमुनानगर के रादौर में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

देशी जागरण मंच के तत्वावधान में बुधवार को रादौर में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कृषि मंत्री के बेटे नेपाल राणा ने किया। यात्रा मुख्य बाजार से होती हुई सफल पैलेस में समाप्त हुई। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े सदस्यों, गणमान्य लोगों व स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ, जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लाएंगे, भारत को समृद्ध बनाना है.स्वदेशी को अपनाना है आदि नारे लगाकर लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक किया गया। मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने कहा कि समृद्ध भारत के निर्माण में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग पहली कड़ी है। यह कड़ी तभी मजबूत हो सकती है जब हम विदेशी वस्तुओं के प्रयोग को दरकिनार कर अपने देश में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग शुरू करें।

## शिविर में 91 यूनिट रक्त एकत्रित



यमुनानगर। यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

**यमुनानगर।** भारतीय जनता पार्टी के जगाधरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जगाधरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। जबकि मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 91 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर चिकित्कसों की टीम ने रक्तदाताओं से 91 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी जगाधरी विधानसभा द्वारा सेवा भाव से सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है ।

# राजकीय स्कूल छोटाबांस में छात्राओं के लिए पिंक टॉयलेट का किया शुभारंभ

- पिंक टॉयलेट के निर्माण कार्य पर खर्च हुए 60 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। यमुनानगर के रादौर स्थित राजकीय स्कूल छोटाबांस में लड़कियों के लिए पिंक टॉयलेट का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि एडवोकेट अजय शांडिल्य।

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर द्वारा राजकीय स्कूल छोटाबांस में पिंक टॉयलेट का निर्माण कार्य कर उसका शुभारंभ किया गया। पिंक टॉयलेट के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय शांडिल्य ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय शांडिल्य ने रोटरी क्लब द्वारा राजकीय स्कूल में लड़कियों के लिए 60 हजार रुपये की लागत से पिंक टॉयलेट बनाए जाने पर क्लब के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब रादौर द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं जो काफी सराहनीय हैं। एडवोकेट शांडिल्य ने कहा कि राजकीय स्कूल में पिंक टॉयलेट के बनने से छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा। रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी, सचिव भारत माटिया आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता का किया आयोजन

# स्लोगन प्रतियोगिता में डिंपी और पोस्टर में शगुन प्रथम

- एचआईवी एड्स पर एक्सटेंशन लेक्चर का भी आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता एवं एक्सटेंशन लेक्चर में आए वक्ताओं को पौधा भेंटकर स्वागत करती प्राचार्या।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में वुमेन सेल, यूथ रेडक्रास सेंटर व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान थैलेसीमिया व एचआईवी एड्स पर एक्सटेंशन लेक्चर का भी आयोजन किया गया। जिसमें नियो मेडिकेयर चिल्ड्रन अस्पताल की डॉ. नम्रता भाटिया, इनरवील क्लब प्रेसीडेंट स्वीटी आनंद, सिविल अस्पताल में थैलीसीमिया प्रोजेक्ट चेयरमैन पारूल खन्ना ने भाग लिया।

कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने बताया कि स्लोगन राइटिंग में बीए द्वितीय वर्ष की डिंपी ने पहला, बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष की दिव्या ने दूसरा, तृप्ति ने तीसरा तथा पंखुनी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। पोस्टर मेकिंग में बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष की शगुन ने पहला, बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की दविंदर ने दूसरा तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की कीर्ति ने तीसरा अर्जित किया। बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स द्वितीय वर्ष की वासुकी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### रक्तदान करने के लिए किया प्रेरित

मौके पर डॉ. नम्रता भाटिया ने माइनर व मेजर थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि शादी से पहले कुंडली मिलान के साथ अगर युवा थैलेसीमिया की भी जांच करवा लें तो आने वाली पीढी को इस बीमारी से बचाया जा सकता है। एचआईवी एड्स के प्रति छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि एड्स वास्तव में अपने आप में कोई बीमारी नहीं है बल्कि एचआईवी के संक्रमण के बाद जब रोगी व्यक्ति छोटी छोटी बीमारियों से लड़ने की शारीरिक क्षमता भी खो देता है और शारीरिक शक्ति का विनाश हो जाता है। तब जो भयावह स्थिति पनपती है वही एड्स है। जागरूकता के जरिए ही एचआईवी एडस से बचा जा सकता है। स्वीटी आनंद व पारूल ने छात्राओं को थैलेसीमिया पीडितों के लिए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

## मोटा ब्याज वसूलने पर महिला समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** जिला पुलिस द्वारा जिले में मोटा ब्याज वसूलने वालों पर कसे जा रहे शिकंजा के तहत पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि ब्याज पर 20 हजार रुपये देने के बाद उसने 30 हजार रुपये लौटा भी दिए लेकिन अब 35 हजार रुपये का चेक बैंक में लगा कर बाउंस करा लिया गया। रुपये न लौटाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के बाकरपुर निवासी बंटी कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गत फरवरी में राज कुमार से 20 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। रुपये देते समय राज कुमार ने उनसे दो ब्लैंक चेक ले लिए थे। बंटी ने बताया कि उसने धीरे धीरे कर ऑनलाइन राज कुमार को 30 हजार 600 रुपये लौटा दिए हैं।

# पुलिस कर्मचारियों की मूलभूत सेवाओं का ध्यान रखना जरुरी



यमुनानगर। यमुनानगर के सचिवालय में आयोजित पुलिस प्रशासन की वेलफेयर बैठक में दिशा निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में पुलिस कर्मचारियों के लिए वेलफेयर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की। उन्होंने मौके पर जिला के सभी थानों, क्राइम ब्रांच यूनिट व पुलिस चौकी से आए पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। मौके पर एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक हेडक्वार्टर कवलजीत सिंह, राजीव मिगलानी व वेलफेयर इंस्पेक्टर कुसुम आदि मौजूद रहे।

